फैक्स/आवश्यक/प्राथमिकता/आज ही निर्गत

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टावर–1, चतुर्थ तल, अनु0–18, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

पत्र संख्याः अठ्ठारह–सीधी भर्ती(गोपनीय)–2020 दिनांकः लखनऊः फरवरी 15 2023

Urgent/imp

सेवा में,

1–पुलिस आयुक्त,
आगरा/कानपुर/लखनऊ/प्रयागराज/वाराणसी।

2–परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक,
आगरा/अलीगढ/अयोध्या/आजमगढ/बरेली/बस्ती/चित्रकूटधाम/देवीपाटन/गोरखपुर/ झाँसी/कानपुर /लखनऊ/मेरठ/ मुरादाबाद/ प्रयागराज/सहारनपुर /वाराणसी।

विषयः पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) सीधी भर्ती–2020 में सफल अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण और चरित्र सत्यापन की कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।

कृपया उपर्युक्त विषयक इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनॉकः 08.02.2023 एवं शुद्धि पत्र दिनॉक 14.02.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2020 हेतु **पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय)** के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन कराये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2. प्रकरण में कतिपय परिक्षेत्र के प्रभारियों द्वारा इस संबंध में दूरभाष पर पृच्छायें की जा रही हैं कि उनके परिक्षेत्र से कितने चयनित अभ्यर्थी हैं, जिनका चिकित्सा परीक्षण/चरित्र सत्यापन कराया जाना अपेक्षित है।

3. इस संबंध में की जा रही अपेक्षानुसार उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ से प्राप्त चयन परिणाम के अनुसार पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों का परिक्षेत्रवार/जनपदवार संख्यात्मक विवरण इस पत्र के साथ संलग्नकर प्रेषित किया जा रहा है।

4. अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि कृपया इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनॉक 08.02.2023 एवं 14.02.2023 द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के कम में पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण हेतु परिक्षेत्र स्तर पर नोडल अधिकारी (अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी) को नामित करते हुए नामित किये गये नोडल अधिकारी का नाम मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई डी आदि की सूचना तथा चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सीय परीक्षण हेतु परिक्षेत्रीय मुख्यालय एवं पुलिस कमिश्नरेट के जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी से जिला चिकित्सालय पर जनपदीय चिकित्सा परिषद एवं मण्डलीय चिकित्सा परिषद का गठन कराते हुए (जिसमें एक महिला चिकित्सक अवश्य हो) इस मुख्यालय को 03 दिवस के अन्दर पत्र में अंकित ई–मेल आई0डी0 sectionofficer18phq@gmail.com पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

Kr... 20-2-23

15/2/23

(अमृता मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना
नि0अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, मुख्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ को उक्त पत्र संलग्नकों सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त निर्देश की प्रति उत्तर प्रदेश पुलिस की **बेवसाइट uppolice.up.nic.in** पर **अपलोड कराने** का कष्ट करें।

SI CONFIDENTIAL

| Sr. No. | State/Mandal/District | NUMBER OF CANDIDATE |
|---|---|---|
| 1 | **Delhi** | **1** |
| 2 | **Delhi** | **1** |
| 3 | North East Delhi | 1 |
| 4 | **Madhya Pradesh** | **18** |
| 5 | **Madhya Pradesh** | **18** |
| 6 | Bhind | 2 |
| 7 | Chhatarpur | 1 |
| 8 | Gwalior | 2 |
| 9 | Morena | 2 |
| 10 | Shivpuri | 10 |
| 11 | Ujjain | 1 |
| 12 | **Uttar Pradesh** | **180** |
| 13 | **Agra Mandal** | **10** |
| 14 | Agra | 5 |
| 15 | Firozabad | 1 |
| 16 | Mainpuri | 3 |
| 17 | Mathura | 1 |
| 18 | **Aligarh Mandal** | **3** |
| 19 | Aligarh | 1 |
| 20 | Etah | 1 |
| 21 | Hathras | 1 |
| 22 | **AYODHYA Mandal** | **4** |
| 23 | Ambedkar Nagar | 1 |
| 24 | Barabanki | 3 |
| 25 | **Azamgarh Mandal** | **4** |
| 26 | Azamgarh | 1 |
| 27 | Ballia | 3 |
| 28 | **Bareilly Mandal** | **5** |
| 29 | Bareilly | 3 |
| 30 | Budaun | 2 |
| 31 | **Basti Mandal** | **3** |
| 32 | Basti | 3 |
| 33 | **Chitrakoot Dham Mandal** | **4** |
| 34 | Banda | 2 |
| 35 | Chitrakoot | 1 |
| 36 | Hamirpur | 1 |
| 37 | **Devipatan Mandal** | **1** |
| 38 | Gonda | 1 |
| 39 | **Gorakhpur Mandal** | **3** |
| 40 | Deoria | 1 |
| 41 | Gorakhpur | 2 |
| 42 | **Jhansi Mandal** | **7** |

एस० डी० तिवारी
एस०आई० (एम०)

| Sr. No. | State/Mandal/District | NUMBER OF CANDIDATE |
|---|---|---|
| 43 | Jalaun | 2 |
| 44 | Jhansi | 4 |
| 45 | Lalitpur | 1 |
| 46 | **Kanpur Mandal** | **11** |
| 47 | Kanpur Dehat | 2 |
| 48 | Kanpur Nagar | 9 |
| 49 | **Lucknow Mandal** | **19** |
| 50 | Hardoi | 1 |
| 51 | Kheri | 1 |
| 52 | Lucknow | 9 |
| 53 | Raebareli | 1 |
| 54 | Sitapur | 3 |
| 55 | Unnao | 4 |
| 56 | **Meerut Mandal** | **9** |
| 57 | Baghpat | 1 |
| 58 | Bulandshahr | 4 |
| 59 | Hapur | 1 |
| 60 | Meerut | 3 |
| 61 | **Moradabad Mandal** | **77** |
| 62 | Amroha | 5 |
| 63 | Bijnor | 19 |
| 64 | Moradabad | 39 |
| 65 | Rampur | 13 |
| 66 | Sambhal | 1 |
| 67 | **Prayagraj Mandal** | **6** |
| 68 | Fatehpur | 1 |
| 69 | Pratapgarh | 1 |
| 70 | Prayagraj | 4 |
| 71 | **Saharanpur Mandal** | **6** |
| 72 | Muzaffarnagar | 2 |
| 73 | Saharanpur | 3 |
| 74 | Shamli | 1 |
| 75 | **Varanasi Mandal** | **8** |
| 76 | Ghazipur | 4 |
| 77 | Jaunpur | 2 |
| 78 | Varanasi | 2 |
| 79 | **Uttarakhand** | **2** |
| 80 | **Uttarakhand** | **2** |
| 81 | Udham Singh Nagar | 2 |
| | **Grand Total** | **201** |

[illegible]

[illegible] 18

( [illegible] )

[illegible]

FAX / E mail

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टावर–1, चतुर्थ तल, अनु0–18, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

पत्र संख्याः अठ्ठारह–सीधी भर्ती(गोपनीय)–2020 दिनांकः लखनऊः फरवरी, 14 2023

सेवा में,

## शुद्धि पत्र

Urgent / important

1–पुलिस आयुक्त,
आगरा / कानपुर / लखनऊ / प्रयागराज / वाराणसी।

2–परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक,
अलीगढ / अयोध्या / आजमगढ / बरेली / बस्ती / चित्रकूटधाम / देवीपाटन / झाँसी / मेरठ / मुरादाबाद / सहारनपुर।

विषयः पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) सीधी भर्ती–2020 में सफल अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण और चरित्र सत्यापन की कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।

---

कृपया उपर्युक्त विषयक इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनॉकः 08.02.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2020 हेतु पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन कराये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2. प्रकरण में अवगत कराना है कि पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन कराये जाने के संबंध में मुख्यालय स्तर से निर्गत दिशा–निर्देश के प्रस्तर–5, 40 एवं 49 में नोडल अधिकारी का पदनाम टंकण त्रुटिवश क्रमशः पुलिस उपाधीक्षक / पुलिस अधीक्षक टंकित हो गया है, जिसे उक्त तीनों प्रस्तरों में अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी पढा जाए।

3. उक्त के अतिरिक्त पत्र के साथ संलग्न किये गये पेज नं0–37 पर नियुक्ति आदेश के प्रारूप में रिट याचिका का विवरण अंकित नहीं था, जिसे संशोधित करते हुये रिट याचिका संख्या–11039 / 2018 विपिन कुमार मौर्या व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में दिनांकः 16.01.2019 को पारित निर्णय के क्रम में शासनादेश संख्याः 39–रिट / का–2 / 2019, दिनांकः 26.06.2019 द्वारा इस प्रकरण में योजित स्पेशल अपील (डी) संख्या–475 / 2019 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अग्रिम निर्णय एवं अन्य रिटों में पारित निर्णयों के अधीन होगा। अतः पेज संख्या–37 पर संलग्न नियुक्ति आदेश के स्थान पर पत्र के साथ संलग्न किये जा रहे संशोधित नियुक्ति आदेश के अनुसार कार्यवाही की जाए।

4. अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि कृपया निर्गत किये जा रहे शुद्धि पत्र के अनुसार पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण हेतु परिक्षेत्र स्तर पर नोडल अधिकारी (अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी) को नामित करते हुए नामित किये गये नोडल अधिकारी का नाम मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई डी आदि की सूचना तथा चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सीय परीक्षण हेतु परिक्षेत्रीय मुख्यालय / पुलिस कमिश्नरेट के जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी से जिला चिकित्सालय पर जनपदीय चिकित्सा परिषद / मण्डलीय चिकित्सा परिषद का गठन कराते हुए (जिसमें एक महिला चिकित्सक अवश्य हो) इस मुख्यालय को 03 दिवस के अन्दर पत्र में अंकित ई–मेल आई0डी0 sectionofficer18phq@gmail.com पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

14/2/23

(अमृता मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना
नि0अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

Remedy 17-2-23

"पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर नियुक्ति आदेश का प्रारूप"

# आदेश

"उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 दिनांक 23.07.2015 एवं दिनांक 19.10.2016 को (प्रथम संशोधन) सेवा नियमावली–2016" में निहित व्यवस्था के अनुसार पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अधियाचित रिक्तियों के सापेक्ष उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा अभ्यर्थी .................. अनुक्रमॉक ......... पुत्र/पुत्री/पत्नी .......................... निवासी–ग्राम.......................... पोस्ट– ................. थाना–.......... तहसील–.................... जनपद–...................... (पिन कोड नं0.................) राज्य................ को पुलिस उप निरीक्षक(गोपनीय) के पद पर चयनित किया गया है।

2– अतः अभ्यर्थी ............. अनुक्रमॉक .......... पुत्र/पुत्री/पत्नी ...........निवासी–ग्राम............... पोस्ट–............ थाना–................ तहसील–..............जनपद–................ (पिन कोड नं0...............) राज्य ................ को "उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 दिनांक 23.07.2015 एवं दिनांक 19.10.2016 को (प्रथम संशोधन) सेवा नियमावली–2016" के अधीन **उ0प्र0 पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2020** के **पुलिस उप निरीक्षक** (गोपनीय) के पद पर अस्थाई रूप से जनपद .............. में नियुक्ति प्रदान की जाती है। यह नियुक्ति आदेश रिट याचिका संख्या–11039/2018 विपिन कुमार मौर्या व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में दिनांकः 16.01.2019 को पारित निर्णय के क्रम में शासनादेश संख्याः 39–रिट/का–2/2019, दिनांकः 26.06.2019 द्वारा इस प्रकरण में योजित स्पेशल अपील (डी) संख्या–475/2019 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अग्रिम निर्णय एवं अन्य रिटों में पारित निर्णयों के अधीन होगा।

3– अभ्यथी ................की यह नियुक्ति 02 वर्ष की परिवीक्षा पर होगी। इन्हें प्रतिमाह नियमानुसार अनुमन्य वेतनमान लेवेल– ग्रेड पे 4200/– मैट्रिक्स 9300–34800 मे मूल वेतन रूपया ................. प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जायेगा। यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई होगी, जो कभी भी समाप्त की जा सकती है।

(नियुक्तिकर्ता अधिकारी का नाम)
परिक्षेत्रीय, पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक